उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, शनिवार, 24 अक्टूबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

दो बाइकों के आमने-सामने की भिड़ंत में वृद्ध घायल



संवाददाता हर्ष राठी जवां: दो बाइकों के आमने-सामने की भिड़ंत में एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। वृद्ध गोपी राम पुत्र प्रसादी सिंह 60 वर्ष निवासी गांव रल्ला थाना डिबाई जनपद बुलंदशहर, बाइक पर सेनेटरी का सामान लेकर अपनी बेटी के यहां नगला कोटा थाना जवां जा रहा था कि नहर सुमेरा झाल पर सामने से आ रहे बुलेट बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिसमें वृद्ध की टांग टूट गई एवं वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे पास ही एक प्राइवेट निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां से डाक्टर ने उसे अलीगढ़ के एक नर्सिंग होम को रेफर कर दिया। सूचना पर पुलिस व वृद्ध के परिजन भी मौके पर पहुंच गए पुलिस ने युवक की बुलेट बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है जबकि उसका चालक भाग जाने में सफल रहा।

एक नज़र में

जवां में शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।
एमएलसी स्नातक चुनाव को लेकर डीएम एसएसपी ने राया में मतदान केंद्र का किया निरीक्षण।
राया पुलिस ने अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

जवां में शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।



संवाददाता हर्ष राठी जवां में शुक्रवार को विधान परिषद सदस्य के शिक्षक व स्नातक वर्ग के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान सुबह 8 बजे शुरू होकर शाम 4 बजे तक चला। शिक्षक वर्ग में कुल 120 मतदाताओं में से 80 ने मतदान किया, जिनमें 55 पुरुष और 25 महिलाएं शामिल रहीं। वहीं स्नातक वर्ग में 912 मतदाताओं में से 394 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें 288 पुरुष और 106 महिलाएं थीं। दोपहर साढ़े 12 बजे तक शिक्षक वर्ग में करीब 20 प्रतिशत और स्नातक वर्ग में 15 प्रतिशत मतदान हुआ था। चुनाव प्रक्रिया जोनल मजिस्ट्रेट नीरज प्रकाश व खंड विकास अधिकारी सुमंत यादव के नेतृत्व में हुई।

देश

एमएलसी स्नातक चुनाव को लेकर डीएम एसएसपी ने राया में मतदान केंद्र का किया निरीक्षण।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया , उत्तर प्रदेश विधान परिषद एमएलसी के स्नातक चुनाब को निष्पक्ष एबं शांतिपूर्ण और सकुशल सम्पन्न कराने के लिये डीएम एसएसपी ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ मतदान स्थल विकास खण्ड राया के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यबस्थाओ का जायजा लिया। विकास खण्ड मतदान केंद्र पर दो बूथ बनाये गए है। दोपहर एक बजे तक बूथ संख्या 1 पर 160 मत पड़ चुके थे। वही बूथ संख्या 2 पर 110 लगभग वोट पड़ चुके थे।

देश

राया पुलिस ने अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया। थाना राया पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को .315 बोर के अवैध तमंचे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर 2026 की रात करीब 10:05 बजे मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम नगला भगा तिराहे से गांव भगा की ओर करीब 50 कदम की दूरी पर घेराबंदी कर दलवीर उर्फ छोटू (19 वर्ष), पुत्र प्रेमचन्द्र, निवासी नगला भगा, थाना राया, जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया।